Bareilly, Wednesday, 5 April 2023
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 12
दैनिक जागरण inext
Page No. 04 : Middle

गंगाशील एकेडमी ने 22 यार्ड पर दर्ज की जीत

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (4 April): श्रीराममूर्ति मैमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को गंगाशील एकेडमी ने रोमांचक मैच में 22 याड्र्स को 12 रन से हराया. जबकि एयर फोर्स ने नौ विकेट से आईके कलेक्शन को पराजित किया. टूर्नामेंट का पहला मैच 22 यार्डस और गंगाशील क्रिकेट एकेडमी के बीच हुआ. इसमें 22 यार्डस ने टॉस जीतकर फिल्डिंग का चयन किया. गंगाशील एकेडमी ने बीस ओवर में सात विकेट खोकर 135 रन बनाने में कामयाबी हासिल की. 22 याड्र्स ने 16 ओवर में 119 रन बनाए. आक्रामक पारी खेलने के लिए नीरज को मैन आफ द मैच चुना गया. दूसरे मैच में आईके कलेक्शन ने टॉस जीता और पहले बैटिंग करने का फैसला किया. आईके कलेक्शन टीम ने 19.5 ओवर में सौ रन बनाए. आईके कलेक्शन के स्कोर में बड़ा योगदान एयरफोर्स के खिलाड़ियों ने भी दिया. जिन्होंने 21 रन एक्स्ट्रा दिए.

101 रन का दिया लक्ष्य

जीत के लिए 101 रन के लक्ष्य पीछा करने उतरी एयरफोर्स की टीम ने तेजी से खेलना आरंभ किया. सलामी बल्लेबाजों ने 1.3 ओवर में 20 रन बना लिए. हालांकि इसके बाद अभिषेक ने दास को बोल्ड कर आक्रामक होती जा रही सलामी जोड़ी को तोड़ दिया. लेकिन इसके बाद भी अन्नू चपर्णा और साहिल संधू ने तेजी से खेलना जारी रखा और सिर्फ 7.1 ओवर में टीम को जीत दिला दी. अन्नू ने 25 गेंदों पर 72 रन की नाबाद पारी खेली. इसमें उन्होंने 6 छक्के और 7 चौके लगाए. दूसरी तरफ साहिल 14 गेंदों पर 25 रन बना कर नाबाद रहे. साहिल ने एक छक्का और तीन चौके लगा अन्नू का साथ निभाया. अन्नू को मैन आफ द मैच चुना गया.